**दिनांक : 16.04.2024** **समय : 07.10 pm**

आकाशवाणी
प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार हुआ तेज, भाजपा, इंडी गठबंधन और अन्य दलों ने झोंकी पूरी ताकत।
- मतगणना को लेकर प्रदेष में प्रषिक्षण का दौर जारी, चार जून को कड़ी सुरक्षा में होगी मतगणना।
- राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर प्रदेष में जन जागरूकता के कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।
- प्रदेष में तय समय पर पहुँचेगा मानसून, 31 मई को केरल तट पर देगा दस्तक।

**समाचार विस्तार से:–**

**चुनाव प्रचार**

लोकसभा चुनाव अगले चरणों के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए जुटे हैं। प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के जौनपुर में चुनाव रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सीएए मोदी की गारंटी का ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो भी वादे करती है उसे पूरा भी करती है। इससे पहले, आज़मगढ़ जिले के लालगंज क्षेत्र में एक राजनीतिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू हैं, वे दोनों झूठ बोलते हैं और भाई–भतीजावाद और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। श्री मोदी दो दिनों तक लगातार चुनाव रैलियों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी ने प्रतापगढ़ में भी जनसभा की । उधर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भगवा पार्टी अराजकता को बढ़ावा दे रही है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी बांदा में भाजपा की निंदा की और कहा कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज झारखंड के हजारीबाग और कोडरमा में जनसभाओं को संबोधित किया।

**मतगणना तैयारियां**

प्रदेश में 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां जारी है। अनूपपुर जिले में मतगणना कार्य में लगाए गए गणना पर्यवेक्षक/ गणना सहायक का प्रशिक्षण 20 मई को शासकीय एकलव्य आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में आयोजित किया गया है। बैतूल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बताया कि जिले में त्रि–स्तरीय सुरक्षा घेरे में मतगणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए जेएच कॉलेज में मतगणना प्रारंभ होगी। वे आज स्टैंडिंग कमेटी के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल प्रत्याशियों एवं प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर रहे थे। संसदीय क्षेत्र नर्मदापुरम में लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतगणना में संलग्न सभी अधिकारी–कर्मचारियों को 22 मई को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रबंधन सहायक नोडल अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। नीमच में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन अलग–अलग कक्षों में मतगणना की जायेगी। इसके लिए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जिला कलेक्टर ने आज मतगणना स्थल और स्ट्रांगरूम का दौरा किया।

**निर्वाचन आयोग–मतदान डेटा**

वर्तमान लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में 45 करोड से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। निर्वाचन आयोग ने आज एक बयान में बताया है कि आम चुनाव 2024 के पहले चार चरणों में सामूहिक मतदान 66 दशमलव नौ–पांच प्रतिशत रहा है। मतदान का उच्च प्रतिशत भारतीय मतदाताओं की ओर से दुनिया के लिए एक संदेश है। आयोग ने

मतदाताओं का आह्वान किया कि वे शेष चरणों में बडी संख्या में वोट डाले। आयोग ने इस प्रयास में प्रसिद्ध हस्तियों के साथ ही सार्वजनिक और निजी संगठनों को भी शामिल किया है।

**सिंधिया राजमाता**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवीराजे सिंधिया का ग्वालियर में आज राजसी परंपरा के अनुसार अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पहले उनकी पार्थिव देह ग्वालियर के रानी महल में अंतिम दर्शन के लिए रखी गई ।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया की मां माधवी राजे का कल सुबह 75 वर्ष की उम्र में दिल्ली में निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार में प्रदेश और देश के अलग–अलग राज्यों से राजनीति, कारोबार और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी कई बड़ी हस्तियां शामिल हुई। नेपाल, जम्मू–कश्मीर व बड़ोदा सहित देश के कई राजपरिवार भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

**डेंगू दिवस**

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देवास जिले में मुख्य कार्यक्रम जिला अस्पताल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डेंगू निवारण के लिए शपथ ली गई । साथ ही प्रत्येक सप्ताह अपने घर और कार्यालय की नियमित सफाई करने, संग्रहित तथा संचायित जल में लार्वा पाया जाने पर तत्काल नष्ट करने, लोगों को लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया । कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिवेंद्र मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस की इस वर्ष की थीम "कनेक्ट वीथ कम्यूनिटी, कन्ट्रोल डेंगू" निर्धारित की गई है। इस थीम के तहत अधिकाधिक प्रचार–प्रसार के माध्यम से आम लोगों को जागरूक कर वाहक जनित रोगों से बचने के लिए प्रयास किया जाना है। शिवपुरी में आज जिला मलेरिया कार्यालय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ब्लॉक के मलेरिया सुपरवाइजर, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर, मैदानी कार्यकर्ता एवं एंबेड टीम के सदस्य उपस्थित रहे। आगरमालवा जिले के सुसनेर शासकीय चिकित्सालय में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। इस मौके पर डॉक्टर राजीव बरसेना ने डेंगू बीमारी के लक्षण और इससे होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया वहीं बीईई प्रेमनारायण यादव ने जागरूकता हेतु कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई।

सरकार–औषधि

सरकार ने आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली 41 दवाओं की कीमतों में कटौती की है। इनमें मधुमेह, हृदय और लीवर की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया। आवश्यक दवाओं को सुलभ बनाने के लिए यह निर्णय किया गया है। फार्मा कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न दवाओं की कम कीमत की जानकारी तत्काल प्रभाव से डीलरों और थोक वितरकों को दें।

**जम्मू–कश्मीर–वैष्णो देवी हेलिकॉप्टर**

जम्मू–कश्मीर में यात्रियों को कम समय में विशेष दर्शन करवाने के लिए वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड अगले महीने से जम्मू से सांझीछत तक हेलिकॉप्टर सेवा की शुरुआत करेगा। इस सेवा का लाभ लेने वाले दर्शनार्थियों को ढाई किलोमीटर पहले पंछी हेलीपैड पर उतारा जाएगा और विशेष दर्शन करवाए जाएंगे। श्राइन बोर्ड ने दो प्रकार के यात्रा पैकेज शुरु किए हैं। पहले पैकेज के अंतर्गत एक ही दिन में वापसी होगी। इसका मूल्य 35 हजार रुपये है। दूसरे पैकेज के अंतर्गत अगले दिन वापसी होगी जिसका मूल्य 50 हजार रुपये प्रति व्यक्ति है।

**मानसून प्रदेश**

प्रदेश में भीषण गर्मी से परेशान नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। इस बार मप्र में मानसून तय समय पर पहुंचने के आसार है। भारत मौसम विभाग ने कल देर रात मानसून को लेकर पूर्वानुमान जारी कर दिया है। इस बार दक्षिण पश्चिम मानसून तय समय पर यानी 20 जून या उसके आसपास भोपाल पहुंच सकता है। इससे दो दिन पहले इसके मप्र में दाखिल होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के पश्चिमी हिस्से के भोपाल, उज्जैन, इंदौर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल संभागों में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। इनमें 104 से 106 प्रतिषत तक बारिश हो सकती है। जबलपुर, सागर, रीवा व शहडोल संभाग में कम बारिश हो सकती है। प्रदेश में बारिश 100 प्रतिषत होने की संभावना है। इस बीच मौसम विभाग आज से 4–5 दिन प्रदेश में एक बार फिर गर्मी में बढोतरी होने के संकेत दिए 18 मई से इसकी हीटवेव की तीव्रता और बढ जाएगी।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- गुना कलेक्टर द्वारा आज जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों की जानकारी जनपद पंचायतवार प्रस्तुत की गई।

- जिला पंचायत छतरपुर के ई–दक्ष केंद्र में नवनियुक्त पटवारियों को राजस्व संबंधित विभिन्न कार्यों का तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें वेब जीआईएस, आरसीएमएस, रोवर तकनीकी, सारा, ईटीएस सहित सामान्य कम्प्यूटर के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।
- शहडोल जिले में रेत और कोयले के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण को लेकर जिला प्रशासन ने नदियों में स्वीकृत खदानों के अलावा और कहीं से रेत और कोयले का उत्खनन, भण्डारण और परिवहन के खिलाफ धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।
- सीहोर जिले शासन के नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार सभी किसानों को अब ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने वाले किसानों के साथ–साथ परंपरागत जैविक खेती करने के इच्छुक किसान भी एमपी किसान एप पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है।
- खण्डवा जिले में आज विकासखण्ड पुनासा के उपस्वास्थ्य केन्द्र भोगांवा में स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक दिल्ली की टीम द्वारा किया गया। टीम ने ओ.पी.डी. कक्ष, दवा वितरण कक्ष, स्टोर कक्ष, वार्ड, रिकार्ड संधारण एवं मरीजों की दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन किया।